# लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति लिमिटेड, कुड़ू (लोहरदगा)

## समिति का संक्षिप्त परिचय

लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति लिमिटेड कुड़ू लोहरदगा निबन्धन संख्या–जे.के.डी. 01/01/ओ.टी.एच.001/2002 का निबन्धन झारखण्ड स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996 में निबंधक सहकारी समितियाँ झारखण्ड सरकार के अंतर्गत किया गया है।

समिति का निबंधित कार्यालय– श्री साई कॉम्पलेक्स, कुड़ू , जिला– लोहरदगा, झारखण्ड है। वर्ष 2002-03 में मात्र 161 सदस्याओं को लेकर इस सहकारी समिति का गठन हुआ था। जो वर्ष 2024-25 तक 741 का एक समूह बन गया है । इस समिति को बनाने का उदेश्य मुर्गी पालन के माध्यम से गाँव के गरीब महिलाओं को आजीविका का स्थानीय श्रोत करा सहकारी समिति का लक्ष्य था मुर्गीपालन के हर पहलू में सदस्याओं को मदद करना ,वं उनके लिए, दाना, दवा ,वं चूजा का बन्दोबस्त करना ,वं समय पर मुर्गी का बिक्री करना।

## लक्ष्य

ग्रामीण महिलाओं को सहकारी समिति के सहायता से आजीविका का स्थायी श्रोत उपलब्ध कराकर स्वावलंबी एवं आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सुदृढ़ एवं आत्मनिर्भर बनाना है ।

## मिशन

- ❖ ग्रामीण महिलाओं को सहकारी संस्था के अंतर्गत संगठित करना ।
- ❖ ग्रामीण महिलाओं के द्वारा जीविका का एक स्थायी विकल्प कराना जो बड़े उद्योग के मापदण्ड के अनुरूप हो ।
- ❖ सदस्यों को उत्पादन एवं विपणन बाजार के अनिश्चिता से सामना करने के लिए बेहतर प्रवंधन एवं तकनिकी सहायता देना एवं लेन देन के लिए अधिक समर्थ बनाना।



# निर्देशक मंडल

| क्र स० | नाम | ग्राम | पद |
|---|---|---|---|
| 1 | दयामनी देवी | कुन्दगडा | अध्यक्ष |
| 2 | दयामनी मुंडा | डोरोंटोली | उपाध्यक्ष |
| 3 | प्रतिमा उराँव | बारीडीह | सदस्य निदेशक |
| 4 | शीलवनती उराईन | जिदो | सदस्य निदेशक |
| 5 | मयंती देवी | टिको | सदस्य निदेशक |
| 6 | अंगनी देवी | मह्तोटोली | सदस्य निदेशक |
| 7 | सरिता कुजूर | महुवाटोली | सदस्य निदेशक |
| 8 | बसंती देवी | गोपीटोली | सदस्य निदेशक |
| 9 | बुधंमनी देवी | बरवाटोली | सदस्य निदेशक |
| 10 | जगमनी देवी | सलगी चुंद | सदस्य निदेशक |
| 11 | देवमणि देवी | धवरा | सदस्य निदेशक |
| 12 | चिंता भगत | सरनातोली | आमंत्रित सदस्य निर्देशक |



## लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा सदस्यों को दी जाने वाली सेवाएं

- ❖ मुर्गी पालने के लिए उन्नत एवं गुणवत्ता युत्क कच्चे माल जैसे चुजा, दाना, दवाई, भैक्सीन, कुन्नी आदि अपने गाँव घर तक सही समय पर उपलब्ध कराना।
- ❖ मुर्गी तैयार होने पर समिति द्वारा बिक्री का व्यावस्था करना।
- ❖ मुर्गीपालन का आवश्यक प्रषिक्षण, चिकित्सा का सही जानकारी सदस्यो को उपलब्ध करना।
- ❖ समिति के द्वारा तकनीकी सहायता प्रदान करना ।
- ❖ कार्य सम्पादन के लिए उपकरण, कार्यषील पुँजी का व्यावस्था कराना ।
- ❖ समिति के द्वारा महिलाओ को प्रत्येक बैच में मुर्गीपालन कराना ।
- ❖ समिति के द्वारा महिलाओ को सुरक्षा प्रदान कराना ।
- ❖ सभी सदस्यों एवं उनके पति का संघ के द्वारा विमा करना ।

## 2024–25 का उपलब्धियां :

❖ उत्पादन प्रदर्शन :

| सक्रिय सदस्य | औसत दिन | औसत वजन | F.C.R | औसत मृत्यु दर% | औसत E.I |
|---|---|---|---|---|---|
| **241** | **32.18** | **1.9** | **1.51** | **7.64** | **363** |

- ❖ वर्ष 2024-25 में सहकारी समिति द्वारा कुल 10 करोड़ 26 लाख 34 हजार 1 सौ 55 रूपये 39 पैसे का व्यावसाय किया गया ।
- ❖ कुल 9 करोड़ 43 लाख 79 हजार 1 सौ 98 रूपय 11 पैसे का सामान खरीदा गया, जिसमें चुजा, दाना, दवा, उपकरण ,वैक्सीन शामिल है।
- ❖ समिति में कुल 5 लाख 41 हजार 4 सौ 57 चुजा ड़ाला गया एंव कुल 10 सौ 27 टन 0 क्विंटल 54 किलो 600 ग्राम मुर्गी बेचा गया ।
- ❖ वर्ष 2024-25 मे कुल 241 सक्रिय सदस्यो ने 1280 बैच मुर्गी पालन की है।
- ❖ सदस्यो के बीच कुल 72 लाख 20 हजार 7 सौ 4 रूपय ग्रोवर चार्ज (सदस्यो को मुनाफा) बांटा गया ।
- ❖ सभी कर्मचारी एवं उनके परिवार का स्वास्थ बीमा एवं दुर्धटना बीमा समिति द्वारा किया गया।
- ❖ सभी सदस्यो ,वं उनके पति का बीमा संघ द्वारा कराया गया ।
- ❖ सदस्यो को भुगतान बैंक द्वारा कराया गया ।
- ❖ वर्ष 2024-25 मे कृषि पशुपालन एवं सहकारीता विभाग, झारखंण्ड सरकार द्वारा समिति को 15 लाख रुपैय FPO Equity ग्रॉट के रुप मे प्राप्त हुआ ।

# अध्यक्षीय संबोधन

मैं दयामनी देवी, लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति लिमिटेड की अध्यक्षा, समिति की 23वी वार्षिक आम सभा में उपस्थित सभी लोगो का हार्दिक स्वागत करती हूँ।

जैसा कि आप सभी जानते हैं हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हम सभी वार्षिक आम सभा के लिए यहाँ उपस्थित हुए हैं। आम सभा में गत वर्ष का लेखा–जोखा प्रस्तुति, नए वर्ष का योजना एवं बजट, समिति के उपविधि में संगशोधन, इत्यादि शामिल है।

हमारी समिति को बनाने का उदेश्य मुर्गीपालन के माध्यम से गाँव के लघु गरीब महिलाओं को आजीविका का स्थानीय श्रोत उपलब्ध कराकर स्वाबलंबी व आर्थिक व सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना था जो समिति वर्ष 2002 से कर रहा है । वितीय 23 वर्षों से हम पूरी ईमानदारी के साथ इस कार्य को करते आ रहे हैं और आज हमारे सदस्यों की संख्या 161 से बढ़कर 741 हो गया है।

वर्तमान समय में घर में रहकर ,मुर्गी पालन के साथ साथ खेती बाड़ी और घरेलु काम करके इस व्यवसाय से औसतन 40 से 45 हजार तक सलाना आमदनी कर रही है । जो हमारे और हमारे परिवार को एक बेहतर जिन्दगी देने में जीविका प्रदान करती है ।अपने परिवार को समय देना , बच्चों को अच्छा शिक्षा देना और पुरुष के साथ मिलकर निर्णय लेकर समाज के विकास हेतु काम कर पा रही है ।

वि्त्तीय वर्ष 2024–25 पोल्ट्री जगत के लिए बहुत सामान्य रहा । पिछला साल का उत्पादन को देखे तो इस वर्ष हमारा मुर्गी का उत्पादन अच्छा रहा । पर कच्चे माल के दामों में लगातार बृध्दि हुई जिसमे हमारा उत्पादन खर्च बढ़ गया । बाजार में मुर्गी का भाव का लगातार गिरावत ने बहुत ज्यादा परेशान किया ।

वर्ष 2024–25 के अंत तक हमलोग अपने कुल क्षमता का मात्र 79% ही चुजा प्लेसमेंट कर पाएं जिससे हमारे समिति का 10 करोड़ 26 लाख 34 हजार 1 सौ 55 रूपये 39 पैसे का टर्न ओवर हुआ।

इस वर्ष कुल 241 सदस्यों ने 1280 बैच मुर्गीपालन किया एवं सदस्यों के बीच कुल 72 लाख 20 हजार 7 सौ 4 रूपये ग्रोवर चार्ज (सदस्यो का मुनाफा) बांटा गया। वर्ष के आखरी में सहकारी समिति को व्यवसाय से 7 लाख 88 हजार 85 रूपये 81 पैसे का मुनाफा हुआ। इसके लिए आप सभी दिदियों को मैं धन्यावाद देती हुं । यह सफलता किसी पैसों की नहीं है। यह आत्मनिर्भरता की कहानी है, यह महिला शक्तिप्रद की प्रमाणित है। आज दीदियो ने ही अपने परिवार की रीढ़ बनी है, बल्कि पूरे समाज को प्रेरणा दे रही है।

हमारे समिति को सुचारू एवं नियम पूर्वक चलाने के लिए आज के समय में समिति के पास 1 चिकित्सक/प्रबंधक, 1 मार्केटिंग सहायक, 1 एकाउंटेंट, 1 बैच एकाउंटेंट, 10 सुपरवाईजर और 2 सेन्ट्रल सुपरवाईजर है। सभी अपने काम एव ंदायित्व को ईमानदारी पूर्वक निभा रहे है।

हमें गर्व है कि लोहरदगा ग्रामीण पोल्ट्री सहकारी समिति इस राज्य का पहला मुर्गीपालन सहकारी समिति है जो सहकारी समिति के जरिये मुर्गीपालन के क्षेत्र में इस राज्य में मार्गदर्शक है और हम सब इस समिति से जुड़े हुए हैं।

हमें एकजुट होकर समिति को आगे बढ़ाना है और खुद को भी आत्मनिर्भर बनाना है, क्योंकि समिति का यही लक्ष्य है कि महिलाओं के जीवन स्तर में परिवर्तन हो और वे बेहतर खुशहाल जीवन व्यतीत कर सके।

मैं आज इस अवसर पर हमारे संघ झारखण्ड महिला स्वावलंबी पोल्ट्री सहकारी संघ लिमिटेड को धन्यवाद देना चाहती हूँ जिन्होंने मुश्कील से मुश्कील समय में भी कभी हमारा साथ नहीं छोड़ा एवं हमेंशा हमारा मार्गदर्शन करते आए हैं। आग्रह करते हैं कि आगे भी हमारा मार्ग दर्शन करते रहेंगे । साथ ही आम सभा में आने के लिए तहे दिल से अभिवादन करती हुँ ।

मैं सभी दीदीयों से आग्रह करती हूँ कि फिर से हमारे साथ जुड़े तथा हमें एवं हमारे समिति को मजबूत बनायें। समिति को ऊपर उठाने का काम हमसे अकेले नहीं होगा, ना ही समिति के बाकी कर्मचारियों से, ना ही सुपरवाईजर भाई सब कर सकेंगे, बल्कि हम सभी के सहयोग से ही इस कार्य को पूरा किया जा सकता है। आगे चलकर हमारा प्रमुख लक्ष्य यही होगा कि हम व्यवस्था को दुरुस्त करें ताकि व्यवसाय सुचारू रूप से चल सके और हमारी समिति ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाए। मेरी सदस्याओं से नम्र निवेदन है कि वो मुर्गी पालन में रूचि लें एव सहकारी समिति के सभी नियमों का पालन पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ करें एव सहकारी समिति के व्यवसाय को आगे बढ़ायें।

आखिरी में मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहती हूँ, आपके उपस्थिति से ही ये वार्षिक आम सभा सफल हुआ है। इस तरह हम अगर एकजुट होकर रहेंगें एवं कार्य करेंगे तो हम जरूर आगे बढ़ेंगें। इसी आशा के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देती हूँ।

जय जोहार , जय सहकारी, जय महिला शक्ति !!

धन्यवाद ।।





# वर्ष 2025–26 की कार्ययोजना

**वर्ष 2025–26 की कार्ययोजना इस प्रकार है :–**

- ❖ वितीय वर्ष 2024-25 में हमने 241 सदश्यो के साथ मुर्गी पालन का कार्य किये है जो इस वर्ष 255 सदश्यो के साथ मुर्गी पालन का काम करना है ।
- ❖ वर्ष भर में 1500 बैच मुर्गी पालने का लक्ष्य रखा गया है।
- ❖ 6 लाख 15 हजार चूजा प्लेसमेंट का लक्ष्य रखा गया है।
- ❖ मुर्गी का उत्पादन 11 लाख 96 हजार 2 सौ 51 किलो का लक्ष्य रखा गया है।
- ❖ कुल 11 करोड़ 73 लाख 43 हजार 6 सौ 7 रुपैया का व्यवसाय का लक्ष्य तय किया गया है।
- ❖ सदस्यों का ग्रोवर चार्ज 88 लाख 79 हजार 8 सो 62 रुपय देने का योजना है।
- ❖ सदस्यों को समय समय पर सभी तरह की ट्रेनिंग दिलाना।
- ❖ कार्यकारिणी सदस्यों का लीडरशिप ट्रेनिंग संघ की मदत से करना है।

## समिति का पिछला 3 साल का व्यवसाय एवं उत्पादन प्रदर्शन

| | | 2022–23 | 2023–24 | 2024–25 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समिति का कार्यक्षेत्र गॉवों की सं | 14 | 14 | 14 |
| 2 | कुल अंशधारक सदस्या | 684 | 732 | 741 |
| 3 | कुल चूजा प्लेसमेंट सं | 625164 | 511288 | 541457 |
| 4 | औसत दिन | 34.00 | 34.03 | 32.18 |
| 5 | औसत वजन | 1.83 | 1.97 | 1.90 |
| 6 | ऍफ सी आर | 1.58 | 1.62 | 1.51 |
| 7 | औसत मृत्यु दर | 5.50 | 6.52 | 7.64 |
| 8 | EI | 321 | 337 | 363 |
| 9 | कुल मुर्गी उत्पादन किलो | 970733.500 | 937565.000 | 1027054.60 |
| 10 | कुल ग्रोवर चार्ज वितरण | 5870196.00 | 6300153.00 | 7220704.00 |
| 11 | कुल व्यवसाय | 97775801.21 | 89082377.23 | 102634155.39 |

## वर्ष 2024–25 के उत्कृष्ट मुर्गीपालक सदस्यों की सूचि एवं उत्पादन का विवरण :

### सम्पुर्ण समिति में सर्वश्रेष्ठ मुर्गीपालक सदस्य

| क्र सं | सदस्य का नाम | गांव | बैच | कुल चूजा प्लेसमेंट | औसत दिन | औसत वजन | ऍफ सी आर | औसत मृत्यु दर | EI | ग्रोवर चार्ज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दसमी भगत | सरनाटोली | 5 | 1822 | 33.31 | 2.15 | 1.42 | 5.22 | 429 | 27846 |
| 2 | सबिता देवी | धौरा | 6 | 2439 | 32.06 | 1.96 | 1.38 | 6.73 | 415 | 33172 |
| 3 | जितो देवी | कुंदगड़ा | 6 | 2956 | 31.19 | 1.94 | 1.43 | 6.01 | 405 | 39999 |

### प्रत्येक गाँव का श्रेष्ठ मुर्गीपालक सदस्य

| क्र सं | सदस्य का नाम | कोड | गांव | बैच | कुल चूजा प्लेसमेंट | औसत दिन | औसत वजन | ऍफ सी आर | औसत मृत्यु दर | EI | ग्रोवर चार्ज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जितो देवी | 0512 | कुंदगड़ा | 6 | 2956 | 31.19 | 1.94 | 1.43 | 6.01 | 405 | 39999 |
| 2 | आंजनी | 1018 | गोपिटोली | 6 | 3036 | 33.11 | 2.06 | 1.46 | 5.5 | 400 | 43986 |
| 3 | जमुना | 2604 | बरवाटोली | 7 | 3455 | 32.34 | 1.92 | 1.46 | 5.96 | 383 | 45220 |
| 4 | बालमाइत | 3021 | गरभूटोली | 7 | 3944 | 29.99 | 1.8 | 1.43 | 5.50 | 391 | 49429 |
| 5 | दसमी भगत | 2202 | सरनाटोली | 5 | 1822 | 33.31 | 2.15 | 1.42 | 5.22 | 429 | 27846 |
| 6 | तेतरी | 0314 | बारीडीह | 7 | 3444 | 33.65 | 2.09 | 1.53 | 7.16 | 380 | 47598 |
| 7 | आंगनी | 1809 | महतोटोली | 7 | 3583 | 31.81 | 1.92 | 1.48 | 6.38 | 381 | 46410 |
| 8 | अनीता | 1231 | जिदो | 5 | 1297 | 34.92 | 2.25 | 1.49 | 11.11 | 384 | 18710 |
| 9 | पति देवी | 0411 | सलगीचुंद | 5 | 1335 | 33.11 | 2.03 | 1.51 | 7.57 | 375 | 17858 |
| 10 | सबिता देवी | 0826 | धौरा नवाडीह | 6 | 2938 | 32.06 | 1.96 | 1.38 | 6.73 | 415 | 33172 |
| 11 | तेतरी देवी | 3451 | टीको | 6 | 2485 | 31.50 | 1.81 | 1.45 | 8.30 | 357 | 29189 |
| 12 | हेमवंती | 2808 | होटवार मोहुवाटोली | 7 | 7396 | 31.39 | 1.86 | 1.43 | 5.58 | 388 | 93818 |

## सम्पूर्ण समिति में सर्वश्रेष्ठ सुपरवाइजर

| क्र सं | नाम | गांव | बैच | कुल चूजा प्लेसमेंट | औसत दिन | औसत वजन | ऍफ सी आर | औसत मृत्यु दर | EI |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वीरेंदर | कुंदगड़ा | 7 | 86819 | 31.00 | 1.84 | 1.46 | 6.29 | 380 |
| 2 | सकिंदर | गोपिटोली | 7 | 70024 | 33.30 | 2.03 | 1.50 | 6.74 | 380 |

❖**समिति का उत्कृष्ट सुपरवाइजर(QMS):** सुलेंदर भगत ; गांव – महतोटोली

## सम्पूर्ण समिति में सलाना 50,000 से अधिक ग्रोवर चार्ज प्राप्त किये हुए दीदी लोगो का सूचि

| क्र स | नाम | गांव | बैच | औसत चूजा प्लेसमेंट | औसत दिन | औसत वजन | ऍफ सी आर | औसत मृत्यु दर | EI | ग्रोवर चार्ज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रीता देवी | गोपिटोली | 7 | 1466 | 33.66 | 2.08 | 1.48 | 6.68 | 388 | 145064 |
| 2 | बसंती देवी | गोपिटोली | 7 | 1277 | 31.86 | 1.9 | 1.47 | 7.03 | 375 | 112052 |
| 3 | हेमवंती देवी | मोहुवाटोली | 7 | 1057 | 31.39 | 1.86 | 1.43 | 5.58 | 388 | 93818 |
| 4 | सबिता देवी | गोपिटोली | 5 | 1270 | 34.04 | 2.15 | 1.49 | 6.42 | 396 | 93339 |
| 5 | राजकुमारी देवी | महतोटोली | 7 | 882 | 31.93 | 1.89 | 1.48 | 6.94 | 372 | 78261 |
| 6 | प्रमिला देवी | मोहुवाटोली | 7 | 873 | 30.56 | 1.81 | 1.42 | 6.37 | 385 | 75183 |
| 7 | प्रमिला देवी | कुंदगड़ा | 7 | 787 | 30.02 | 1.74 | 1.43 | 5.62 | 377 | 65286 |
| 8 | पचोला देवी | कुंदगड़ा | 7 | 749 | 30.38 | 1.8 | 1.47 | 5.82 | 377 | 65052 |
| 9 | बंदिया | कुंदगड़ा | 7 | 733 | 30.77 | 1.83 | 1.45 | 6.27 | 382 | 64779 |
| 10 | चरिया | बारीडीह | 7 | 645 | 33.31 | 1.94 | 1.53 | 7.74 | 356 | 56120 |
| 11 | बिरसमुनी देवी | गोपिटोली | 6 | 672 | 33.05 | 2.02 | 1.47 | 6.47 | 383 | 55722 |
| 12 | सुमरी देवी | जिदो | 6 | 665 | 33.06 | 2.07 | 1.5 | 11.02 | 367 | 50624 |

# हमारे समिति के लाखपति दीदीयां ( वर्ष 2024-25 )

| क्र स | नाम | गांव | बैच | औसत चूजा प्लेसमेंट | औसत दिन | औसत वजन | ऍफ सी आर | औसत मृत्यु दर | EI | ग्रोवर चार्ज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रीता देवी | गोपिटोली | 7 | 1466 | 33.66 | 2.08 | 1.48 | 6.68 | 388 | 145064 |
| 2 | बसंती देवी | गोपिटोली | 7 | 1277 | 31.86 | 1.9 | 1.47 | 7.03 | 375 | 112052 |

1.



2.









# समिति का संरचना

**आम सदस्य**

**कार्यकारिणी बोर्ड**
**आम सभा के द्वारा सभी गाँव/टोला से चयनित सदस्य**

- कर्मचारीयों का चयन
- कर्मचारीयों का नियुक्ति एवं उचित दिशानिर्देश देना
- कार्य समीक्षा करना एवं उचित निर्णय लेना

**समिति का प्रबंधक**

**अकाउंटेंट**

- लेखा जोखा रखना एवं पेमेंट करना
- समिति का व्यवसाय का समीक्षा करना (खरीद दर बिक्री दर )
- सदस्यों का समस्या को सुनना एवं उसका निवारण करना
- समिति का मासिक लाभ हानि खाता बनाना एवं उसका समीक्षा करना
- समिति का वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट तैयार करना

**निरिक्षण**

**सुपरवाइजर**

- रोजाना सभी शेड का निरिक्षण करना
- सदस्यों को चूजा, दाना, दवा, कुन्नि आदि का वितरण करना
- सभी सामिग्री का हिसाब रखना
- सदस्य का उत्पादन पुस्तिका को अपडेट करना
- डेली मोर्टेलिटी रिपोर्ट, साप्ताहिक रिपोर्ट आदि नियमित रूप से साझा करना
- तैयार मुर्गियों का बिक्री का हिसाब रखना

**उत्पादन एवं मार्केटिंग स्टाफ**

**उत्पादन स्टाफ**
- डेली फील्ड विजिट करना मरे मुर्गी का पोस्टमोर्टम करना बिमारी के अनुशार उपचार करना
- दाना, दवा वैक्सीन आदि का सही मात्र सुनिश्चित करना और सुपरवाइजर को सूचित करना
- डेली, वीकली एवं मंथली रिपोर्ट का समीक्षा करना
- साप्ताहिक सुपरवाइजर मीटिंग, गाँव स्तरीय साप्ताहिक उत्पादन मीटिंग, मासिक क्लस्टर मीटिंग नियमित रूप से करना

**मार्केटिंग स्टाफ**
- उचित मूल्य पर कच्चे सामग्रियों का क्रय करना
- उचित बाज़ार दर पर तैयार मुर्गियों का विक्रय करना
- समय समय पर बाज़ार का समीक्षा करना , नए व्यापारियों को जोड़ना
- मुर्गी बिक्री का हिसाब रखना

Activate Windows
Go to Settings to activate Windows

**सहायता**

**आम सदस्य**

**व्यक्तिगत इकाई का प्रबंधन**







# संघ के गीत

सपने जोड़ो बंधन तोड़ो, अब तो आगे बढ़ना है।
अभी तो थोड़ी दूर चले है, आगे बहुत निकलना है।
मिलकर हमने अब अपनी एक पहचान बनायीं है।
सपना पूरा होगा एक दिन हम में हिम्मत आई है।
हाथ मिलाओ , साथ मिलाओ, अभी तो आगे बढ़ना है।

अभी तो थोड़ी दूर चले है, आगे बहुत निकलना है।।
दूर अभी मंजिल बहुत है, और ऊँची बहुत चढाई है।
एक दिन हम छू लेंगे शिखर,हम में हिम्मत आई है।।
नारे जोड़ो, चुप्पी तोड़ो अब मुश्किलों से लड़ना है।।
अभी तो थोड़ी दूर चले है, आगे बहुत निकलना है।

# संघ के नारे

हाथो को रोजगार, महिलाओ को सम्मान।
यही हमारे संघ की पहचान।
गरीब नारियों को जोड़ना है, मुर्गीपालन बढ़ाना है।
हर गाँव को करेंगे आबाद, भारतीय नारी जिन्दाबाद।

महिलाओ की है पुकार, मुर्गी पालो करो सुधार।
बंद करो ये झगडा , हमारा मुर्गा सबसे तगड़ा।
महिला शक्ति जगायेंगे, मुर्गी उत्पादन बढ़ायेंगे।
मिलकर विकास लायेंगे, सुनहरा भाविष्य बनायेंगे।
ये संघ का नारा है, ये संघ हमारा है।



